आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# कार्यक्रमों को लेकर आजसू की मंथन बैठक आज

### केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो होंगे मुख्य अतिथि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आज बोड़ेया, रांची स्थित गीतांजलि सभागार में आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गयी है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। बैठक में सभी जिलाध्यक्ष, प्रखंड और नगर इकाई के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता और मीडिया तथा सोशल मीडिया प्रभारी तथा नगर के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक की जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान जनसंग्रह, धनसंग्रह अभियान की समीक्षा तथा सदस्यता अभियान को और गति देने के साथ साथ सोशल मीडिया को चुस्त दुरुस्त करने पर चर्चा की जायेगी तथा आजसू पार्टी के भावी कार्यक्रमों को लेकर मंथन किया जायेगा, जिसमें इसी वर्ष होने वाला महाधिवेशन मुख्य रूप से शामिल है। वहीं कल यानि 9 सितंबर को हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में आजसू पार्टी का महिला प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो इस सम्मेलन में मुख्य रुप से उपस्थित रहेंगे। महिला प्रतिनिधि सम्मेलन को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि 9 सितंबर को होने वाले सम्मेलन में केंद्रीय महिला समिति के सभी सदस्य, महिला जिलाध्यक्ष, प्रखंड और नगर इकाई की महिला अध्यक्ष तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत दर्ज करने वाली महिला नेत्री के साथ साथ पंचायत चुनाव में भाग लेने वाली सभी महिला उम्मीदवार उपस्थित रहेंगी।

# हाइकोर्ट ने चार लाख मुआवजा देने की शर्त पर पति को दी अग्रिम जमानत, सुप्रीम कोर्ट ने लगायी रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें चार लाख रुपये जमा करने की शर्त पर आरोपी को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की गयी थी। झारखंड हाइकोर्ट के सिंगल बेंच ने 25 नवंबर 2021 को तलत सनवी की अग्रिम जामनत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया था, जिसमें आरोपी को अग्रिम जमानत के लिए मुआवजा के तौर पर पीड़ित को 4 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। झारखंड हाइकोर्ट के



इस आदेश को तलत सनवाई ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। आरोपी ने अपने अधिवक्ता गणेश खन्ना के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (क्रिमिनल) याचिका दाखिल की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मुआवजा का भुगतान करने के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कॉल और जस्टिस अभय एस ओका की बेंच में उक्त याचिका पर सुनवाई हुई।

### पैसे लेकर बेल देने से आरोपी का मनोबल बढ़ेगा

प्रार्थी तलत सनवी के अधिवक्ता गणेश खन्ना के मुताबिक यह मामला पति पत्नी के विवाद का था, जिसमें पत्नी ने संबंध विच्छेद होने के बाद अपने पति पर दहेज उत्पीड़न का केस कर दिया था। रांची सिविल कोर्ट के एसडीजेएम की अदालत में आरोपी की पत्नी ने मामला दर्ज करवाया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई करते हुए मौखिक रूप से कहा कि पैसे लेकर बेल देने से आरोपी के मन में यह भावना आयेगी कि हम पैसा देकर जमानत ले सकते हैं। इससे पहले भी पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट के द्वारा विक्टिम कंपनसेशन के आधार पर जमानत की सुविधा प्रदान किये जाने को गलत बताया था।

## स्पीकर कोर्ट में विधायक इरफान, राजेश कच्छप और विक्सल के मामले में सुनवाई

# विधायकों ने आठ हफ्ते का मांगा समय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की विधानसभा सदस्यता खत्म करने को लेकर दायर याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष के कोर्ट में सुनवाई हुई। तीनों विधायकों के वकील सुनवाई के दौरान उपस्थित हुए। विधायकों के वकील ने स्पीकर से जवाब देने के लिए आठ हफ्ते का समय मांगा। विधायकों के वकीलों ने कोर्ट को बताया कि तीनों विधायक फिलहाल कोलकाता में हैं। जवाब दाखिल करने के लिए इन्हें झारखंड आना जरूरी है। वहीं आलमगीर आलम के वकील ने कहा कि जल्द से जल्द मामले की सुनवाई हो। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद स्पीकर ने कार्यवाही स्थगित कर दी। फिलहाल सुनवाई की अगली तारीख नहीं दी गयी है। कैश कांड में फंसे हैं तीनों विधायक

बता दें कि कांग्रेस के तीनों विधायक कोलकाता में कैश के साथ पकड़े गये थे। दल बदल कर सरकार गिराने की कोशिश के आरोप में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने तीनों के खिलाफ स्पीकर के कोर्ट में शिकायत कर उनकी विधायकी खत्म करने की अपील की थी।

# स्मार्ट सिटी के विस्थापित को मंत्री से मिली सहायता



### सुहानी सांगा और डेविड आइंद को मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिया राशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्मार्ट सिटी, धुर्वा में मूसा टोली निवासी सुहानी सांगा और डेविड आइंद से पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने भेंट की। उन्हें महीने भर का राशन दिया। साथ ही कहा कि राज्य सरकार गरीब, वंचित परिवारों की मदद के लिए सतत प्रयासरत है। राज्य सरकार से प्रावधानों के अनुसार जो भी गरीब परिवारों के लिए प्रावधान होगा, उसका लाभ भी सबों को दिया जायेगा। इस मौके पर सुहानी, डेविड आइंद के अलावा और भी विस्थापित परिवार भी थे। सभी ने उम्मीद जतायी कि अब स्मार्ट सिटी में किसी गरीब परिवार को हटाये जाने से पूर्व उनके लिए पुनर्वास और दूसरे काम किये जायेंगे। इस दौरान सबों ने राज्य सरकार के प्रति आभार भी जताया। गौरतलब है कि पिछले दिनों मूसा टोली में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कई घरों को तोड़ा गया था। इसमें कई परिवार अरसे से रह रहे थे। इसके बाद सुहानी और डेविड ने सीएम हेमंत सोरेन से भेंट की थी और अपनी परेशानियों को साझा किया था। बताया था कि इस बरसात में उनका घर तोड़े जाने से बड़ी क्षति हुई है। इसके बाद सीएम ने उन्हें तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने का भरोसा दिया था। कहा था कि मूसा टोली में निवास करने वाले अन्य 25 घरों को फिलहाल ध्वस्त नहीं किया जायेगा।

# चेंबर चुनाव के लिए कल प्रचार का अंतिम दिन

### 57 उम्मीदवार आजमायेंगे किस्मत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की नयी कार्यकारिणी के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी है। इस बार चुनाव 10 और 11 सिंतबर को होना है। वहीं, कल (गुरुवार) प्रचार का अंतिम दिन । चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशी अपना दम खंभ दिखा रहे हैं। जिला के प्रमुख व्यावसायिक संस्थानों में प्रत्याशियों को प्रचार करते देखा जा रहा है। इस बार चुनाव में मुख्य तीन टीमें है। इसमें राहुल मारू की टीम, किशोर मंत्री और अनीस सिंह और धीरज ग्रोवर की टीम है.।ये पहली बार है जब चैंबर चुनाव में तीन टीमें हैं। चैंबर में लगभग 3500 सदस्य हैं। ये इन उम्मीदवारों का किस्मत तय करेंगे। वहीं, 10 सिंतबर को आमसभा का आयोजन किया जायेगा, जिसके बाद, चैंबर में दो बजे से सदस्य वोट दें सकते है। वहीं, 11 सिंतबर को सुबह नौ बजे से मतदान किया जायेगा।

### क्या है चुनाव की प्रक्रिया

इस बार चुनाव क्रमांक के अनुसार नहीं होगा। जो सदस्य जब मतदान करना चाहेंगे, वो तब



अपना वोट दे सकते हैं। बैलेट और कंप्यूटर दोनों माध्यमों से सदस्य मतदान कर सकते हैं। चैंबर भवन में ही इसकी व्यवस्था की गयी है। इसके लिए 20 कंप्यूटर चुनाव के लिए तैयार हैं। सभी सदस्यों को कुल 21 वोट डालने हैं। इससे कम या अधिक वोट स्वीकार्य नहीं होगा। जानकारी हो कि चैंबर कार्यकारिणी में 21 सदस्यों को कार्यभार दिया जायेगा। पूर्व में कार्यकारिणी चुनाव के लिए कुल 62 सदस्यों ने नामांकन दाखिल किया था। नाम वापसी के बाद अब कार्यकारिणी चुनाव के लिए 57 सदस्य बचे हैं। 6 प्रमंडलों में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के चयन के लिए चुनाव होना है। पांच प्रमंडलों में एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण उन प्रमंडल में क्षेत्रीय उपाध्यक्षों का निर्विरोध चयन किया गया है। केवल संथाल परगना प्रमंडल के लिए चुनावी प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

## मुर्गा मारने की शिकायत की तो आपे से हुआ बाहर

# पिता ने डांटा तो घर से नाबालिग हुआ फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पड़ोसी के मुर्गा मारने की शिकायत पर एक नाबालिग को पिता ने डांट दिया। जिससे नाराज होकर बेटा घर छोड़कर फरार हो गया। बेटे के फरार हो जाने से घर में कोहराम मचा है।

10 अगस्त को पिता ने अपने बेटे की गुमशुदगी सिल्ली थाना में दर्ज करायी है। पर अभी तक पुलिस को कोई बड़ी कामयाबी नहीं मिली है। दरअसल, सिल्ली थाना क्षेत्र के लोटा निवासी 17 वर्षीय गुमशुदा राजीव गोराई 8 अगस्त को बकरी चराकर लौट रहा था, रास्ते में कुछ बच्चे मुर्गा घेरकर मार रहे थे। इसी दौरान राजीव को मुर्गा मारने के लिए कहा गया तो राजीव ने मुर्गा को मार दिया। शाम को मुर्गा मालिक मरा मुर्गा लेकर राजीव के पिता चुनका महतो के पास पहुंचा और कहा कि तुम्हारा बेटा मुर्गा मार दिया है।

इसी बात को लेकर राजीव को डांट फटकार किया, तो घर से भाग गया. भागने के क्रम में टाटा हटिया पैसेजर ट्रेन में देखा गया। राजीव के पिता के अनुसार बेटा मंदबुद्धि है। करीब पांच फीट हाइट, लाल रंग का टी शर्ट काला रंग का ट्रेक शूट पहना है।

# कार की पिछली सीट पर बेल्ट लगाने के लिए रांची पुलिस करेगी जागरूक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में कार की पिछली सीट पर बैठकर सफर करने वालों को सीट बेल्ट लगाना होगा। कार की अगली सीट की तर्ज पर पीछे बैठने वालों ने अगर सीट बेल्ट नहीं लगाया तो उन्हें मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना भी भरना होगा। रांची पुलिस इसकी तैयारी में जुट गयी है। दरअसल टाटा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री और उनके दोस्त की सड़क हादसे में मौत के बाद केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को एक इंटरव्यू के दौरान इसका ऐलान किया।

उन्होंने कहा कि पिछली सीट पर सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है। लेकिन लोग इसका पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में अब फाइन लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जुर्माना लेना मकसद नहीं है, बल्कि जागरूकता फैलाना है। ताकि, साल 2024 तक सड़क हादसों में 50 फीसदी की कमी लायी जा सके। इसको लेकर ही रांची पुलिस ने भी अब कार की पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति की सीट बेल्ट जांच करने का निर्णय लिया है। बिना सीट बेल्ट बांधे बैठे सवारों पर मोटरयान अधिनियम के तहत एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया जायेगा। इसको लेकर रांची के प्रभारी ट्रैफिक एसपी अंशुमान कुमार ने बताया है कि बुधवार से शहर में एक सप्ताह जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। 7 दिन तक कार सवारों को जागरूक करने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की जायेगी।

### रांची समाहरणालय परिसर में चला अतिक्रमणकारियों पर निगम का डंडा

**रांची।** रांची समाहरणालय के बी ब्लॉक के पिछले हिस्से में टेबल-कुर्सी व अन्य अस्थायी टेंट लगाकर फॉर्म बिक्री का काम करने वालों के खिलाफ रांची नगर निगम का डंडा चला। बुधवार को सभी अस्थायी निर्माण को हटाकर परिसर को अतिक्रमण मुक्त किया गया। दरअसल डीटीओ प्रवीण प्रकाश के पत्र के आलोक में रांची नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने समाहरणालय भवन ब्लॉक बी के पिछले प्रवेश के पास अतिक्रमण किए स्थल को जिला प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया।

## कुलपति ने प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना की, चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं

# सरला बिरला विवि के सत्र 2021- 22 के 198 छात्रों का प्लेसमेंट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सत्र 2021-22 के विभिन्न संकाय और विभागों के प्लेसमेंट के इच्छुक 210 छात्रों में से 198 यानी 95 प्रतिशत छात्रों का विभिन्न नामचीन कंपनियों में कैंपस प्लेसमेंट हो चुका है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डीन हरी बाबू शुक्ला ने बताया कि उक्त सभी चयनित छात्रों का बेहतर और नामचीन कंपनियों द्वारा अच्छे पैकेज पर सिलेक्शन किया गया है, जिसमें सर्वाधिक पैकेज 9.5 लाख रुपये तथा औसतन पैकेज चार लाख रुपये रहा। उन्होंने बताया कि सरला बिरला विश्वविद्यालय के



विभिन्न विभागों के छात्रों को कॉरपोरेट की आवश्यकता के अनुसार तैयारियां करायी जाती हैं जिसके परिणाम स्वरूप छात्रों को यह सफलता प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि एमबीए, बीटेक सीएसइ, बीटेक मैकेनिकल, बीटेक इसीई, बीबीए ,बीकॉम, बीबीए कैपिटल मार्केट, बीए इंग्लिश, डिप्लोमा मैकेनिकल, डिप्लोमा सिविल, डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल के छात्रों का प्लेसमेंट शत प्रतिशत रहा। देश की प्रतिष्ठित कंपनियां यथा टीसीएस, विप्रो, एचसीएल, अर्नेस्ट एंड यंग, आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल, कोटक सिक्योरिटी, फ्यूचरेंसा टेक्नोलॉजी, एंडप्रो एबी, मैप माय इंडिया, कोलाबीरा, आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल (पैंटालूंस), सनस्टॉन एडवर्सिटी, कैशफोर मैक्स क्रेडिट, एक्स्ट्रा मार्क्स, वी कैप मनी, मोतीलाल ओसवाल, एचडीएफसी लाइफ, बीएफसीएल इत्यादि कंपनियों ने एसबीयू के छात्रों को प्लेसमेंट दिया है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना करते हुए चयनित सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इंडस्ट्री डिमांड के हिसाब से पाठ्यक्रम तैयार कर उसमें अपने छात्रों को योग्य बनाये जाने की भी सराहना की है जिससे एसबीयू छात्रों का प्लेसमेंट कारपोरेट जगत में बढ़ा है। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने प्लेसमेंट डिपार्टमेंट की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त की है तथा सभी के प्रयासों की सराहना करते हुए चयनित छात्रों को बधाई दी है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा है कि एसबीयू अपने छात्रों को उत्तम शिक्षा के साथ-साथ रोजगार प्रदान करने की दिशा में हर संभव प्रयासरत है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी डीन, एसोसिएट डीन, प्राध्यापक, पदाधिकारियों ने छात्रों को बधाई दी है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शिक्षक दिवस मनाया गया



रांची(आजाद सिपाही)। बुधवार को शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन महाविद्यालय में बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सपना त्रिपाठी ने शिक्षक दिवस की महत्ता को बताते हुए छात्रों का उद्बोधन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्या और शिक्षकों द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्रों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, प्रशिक्षणार्थी और शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

### शारदा ग्लोबल स्कूल में छात्रों का शपथ ग्रहण और अलंकरण समारोह



रांची(आजाद सिपाही)। बुकरू स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल में छात्रों के लिए निर्धारित विभ्भिन पदो के लिए चयनित छात्रों का शपथ ग्रहण और अलंकरण समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या जसमीत कौर समस्त विद्यालय प्रबन्धन अभिभावक गण तथा शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय की प्रधानाचार्या जसमीत कौर ने चयनित छात्रों को विद्यालय के प्रति उनके कार्तव्यबोध के लिए शपथ दिलवाई और कर्तव्यबोध के प्रति सदैव और सतत जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने चयनित छात्रों को बैच और शैसेज पहनाकर सम्मानित किया तथा विद्यालय के विष्वास पर खरे उतरने की कामना व्यक्त की।

फोटो बैंक ऑफ इंडिया कोकर से

### बैंक ऑफ इंडिया के कोकर ब्रांच में स्थापना दिवस मना



रांची(आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड और रांची अंचल ने बैंक के 117वें स्थापना दिवस मनाया। बुधवार को बीओआइ कोकर ब्रांच में निशुल्क जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक संजय खेमका ने केक काटकर कर्याक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य प्रबंधक राजीव प्रसाद ने बताया कि बैंक ग्राहकों के लिए है। ग्राहक अपना सहयोग बनाये रखें। बैंक ऑफ इंडिया सर्वोपरि है। इसके साथ ही बैंक परिसर में फ्री हेल्थ चेकअप ग्राहकों के लिए रखा गया। इसमें 65 लोगों ने अपना हेल्थ चेकअप कराया। वहीं निभा भूपा के द्वारा ग्राहकों का स्वास्थ्य बीमा भी कराया गया। इस मौके पर वैल्युएबल ग्राहक राजकिशोर, मुख्य प्रबंधक राजीव प्रसाद, अमित कुमार, निरंजन, निश्चल, ज्योति, अर्चना, दिव्या, कुंदन, पिंटू, संजीत, बबिता, अंशु, सिंपल, अभिजीत अन्य लोग मौजूद थे।

### बैंक ऑफ इंडिया ने किया पौधरोपण



रांची(आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड और रांची अंचल ने बैंक के 117वें स्थापना दिवस पर राज्य के चुनिंदा स्थानों पर 11,117 पौधरोपण किया। नगड़ी के नुसरल कैंपस परिसर में राष्ट्रीय बैंकिंग समूह-झारखंड के उप महाप्रबंधक रणवीर सिंह द्वारा, गेतलसूद के रेशम गांव में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के उप महाप्रबंधक सुबोध कुमार द्वारा, नेवरी के मेसरा गांव में रांची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजय कुमार खेमका द्वारा, चामगुरू गांव में सहायक महाप्रबंधक, एनबीजी संजय कुमार चित्रांशी द्वारा और नगड़ी के बरसा गांव में उप आंचलिक प्रबंधक, रांची अंचल नरेंद्र कुमार दास द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आंचलिक कार्यालय और कल्ब साइड शाखा में आमजन और ग्राहकों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। शाखाओं द्वारा ग्राहकों के साथ ग्राहक बैठक का आयोजन करके बैंक ऑफ इंडिया के 117 गौरवशाली वर्षों के अटूट विश्वास विषय पर परिचर्चा की गयी। कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार, सुनीता कुमारी, दिलीप महली, रण अभय कुमार, रंजीता बिलुंग,ओम प्रकाश, अमित कुमार, अखिलेश कुमार, प्रियंका चतुर्वेदी, और अन्य उपस्थित थे।

### झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा ने मनाया करम पर्व



रांची(आजाद सिपाही)। झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा ने हर्षोल्लास उल्लास के साथ करम पर्व मनाया। इसके साथ ही पारंपारिक तरीके से करम राजा को घर घर पूरे सम्मान पूर्वक को तेल, सिंदूर, टीका लगाकर अपने पारंपरिक गाजे बाजे के साथ जगन्नाथपुर तालाब में विसर्जन किया गया। इस विसर्जन शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष मेघा उराव, वृंदा उरांव, करमपाल उरांव, बिरसा भगत, मोहन महली, जय मंत्री उराव, रवि उराव, लक्ष्मण उराव, राम उरांव, कुमुदिनी लकड़ा, नीलम तिर्की, फुल मंती उराव, कावेरी उराव, लाल मुनी उराव, सुशीला उराव, शांति भगत, बी तिर्की, रोहित तिर्की, अभिनव मुंडा, विकास, विनोद उरांव, राजेंद्र मिंज, कलिंदर उराव और अन्य उपस्थित रहे।

## हाइकोर्ट में कोर्ट फीस अमेंडमेंट एक्ट पर अंतिम सुनवाई 26 को



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाई कोर्ट में स्टेट बार काउंसिल द्वारा राज्य सरकार की कोर्ट फीस अमेंडमेंट एक्ट को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर अब 26 सितंबर को फाइनल सुनवाई होगी। बुधवार को हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में मामले की सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दायर करने के लिए 15 दिनों के समय की मांग की गई। झारखंड स्टेट बार कौंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने कोर्ट फीस अमेंडमेंट एक्ट को समाप्त करने का आग्रह किया। उनकी ओर से कहा गया कि जब तक इस मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती है तब तक ओल्ड कोर्ट फीस के माध्यम से पेमेंट करने का अंतरिम आदेश जारी किया जाए, जिसका राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। सरकार की ओर से से कहा गया कि कुछ बिंदुओं पर सरकार के अधिकारियों से सकारात्मक बातचीत हुई है। पूर्व की सुनवाई में राजेंद्र कृष्णा ने मामले में पैरवी करते हुए कोर्ट से कहा था कि कोर्ट फीस में अतिरिक्त वृद्धि से समाज के गरीब तबके के लोग कोर्ट नहीं आ पायेंगे और वकीलों को भी अतिरिक्त वित्तीय भार का वहन करना पड़ेगा। काउंसिल ने यह भी कहा है कि कोर्ट फीस की वृद्धि से लोगों को सहज व सुलभ न्याय दिलाना संभव नहीं है। राज्य सरकार का कोर्ट फीस एक्ट गलत है। यह संविधान के खिलाफ है। साथ ही यह सेंट्रल कोर्ट फीस एक्ट के भी विरुद्ध है।

## एमएसएमइ मंत्रालय की प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में महिलाओं के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण : बसंत तिर्की

रांची (आजाद सिपाही)। नेशनल एससी-एसटी हब, एमएसएमइ मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एससी-एसटी हब योजना पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ट्राइबल इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (टिक्की) के लोग शामिल हुए। टिक्की के राष्ट्रीय महासचिव बसंत तिर्की ने कहा कि एमएसएमइ मंत्रालय द्वारा पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी में महिलाओं के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। ऐसी स्थिति में उनको जागरूक करना और उनकी भागीदारी को बढ़ाना है। इसके अलावा सरकार की कई योजनाएं संचालित है, जिनमें महिलाओं को विशेष प्राथमिकता दी गयी है। कार्यक्रम में टिक्की के झारखंड चैप्टर महिला कोषांग का गठन किया गया। इसका उद्देश्य उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में आदिवासी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है। सरकार की योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करना है। समिता एकका-अध्यक्ष, संध्या सिंह कुटिया- उपाध्यक्ष,अनीमा बा- सचिव, रोशनी खलखो- कोषाध्यक्ष सहित प्रिया टोपनो, अगाथा भेंगरा, तूलिका तिर्की, डेजी मुंडा जानकी सिंह कुटिया, मनोनीत टोपनो, पुष्पा भेंगरा कार्यकारिणी सदस्य बनायी गयी हैं।

## जेएसएससी स्नातक स्तरीय परीक्षा संचालन संशोधित नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग स्नातक स्तरीय परीक्षा संचालन संशोधित नियमावली 2021 को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को दोनों पक्षों की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में पूरी हो गयी। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। रमेश हांसदा एवं अन्य की ओर से इस संशोधित नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सुनील कुमार ने पक्ष रखते हुए कहा कि जेएसएससी स्नातक स्तरीय परीक्षा संचालन संशोधित नियमावली संवैधानिक रूप से सही है। यह भी बताया गया कि जेएसएससी ने नियमावली में संशोधन के माध्यम से यहां की रीति रिवाज और भाषा को परखने के लिए एक मापदंड तैयार किया है। हिंदी और अंग्रेजी को क्वालीफाइंग पेपर वन में रखा गया है। स्थानीय भाषा को प्रोत्साहित करने के लिए भाषा के पेपर दो से हिंदी या अंग्रेजी को हटाया गया। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता कुमार हर्ष ने कोर्ट को बताया कि नियमावली में झारखंड के शिक्षण संस्थाओं से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा पास करना अनिवार्य है। साथ ही स्थानीय भाषा, रीति रिवाज की भी जानकारी जरूरी है। लेकिन आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में यह प्रावधान शिथिल रहेगा, ऐसे में उन्हें आरक्षण के बाद अतिरिक्त लाभ देने का कोई औचित्य नहीं है। हिंदी को क्षेत्रीय भाषा की श्रेणी से निकाल दिया गया है। भाषा के पेपर से हिंदी और अंग्रेजी को हटाया जाना अनुचित है, क्योंकि राज्य में सबसे ज्यादा लोग हिंदी बोलते हैं। यह भी कहा गया था कि राज्य सरकार की ओर से संशोधित नियुक्ति नियमावली में लगाई गई शर्तों के कारण वैसे अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं जिन्होंने राज्य के शिक्षण संस्थाओं से स्नातक की डिग्री हासिल की है। लेकिन उन्होंने 10वीं और 12वीं की परीक्षा दूसरे राज्यों में से पास की है। प्रार्थी की ओर से इस झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग की संशोधित नियुक्ति नियमावली को रद्द करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। कहा गया है की इस नीति से झारखंड के लोग ही अपने राज्य में नौकरी हासिल नहीं कर सकते हैं, यह भेदभाव वाली नीति है।

## दुमका में अब आदिवासी छात्र का पेड़ से लटकता मिला शव, हत्या की आशंका

रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी छात्रा का पेड़ से लटका शव मिलने के पांच दिन बाद अब दुमका आदिवासी छात्र का पेड़ से लटका शव मिला है। हत्या की आशंका जतायी गयी है। नगर थाना क्षेत्र के न्यू बांध पाड़ा क्षेत्र से पेड़ से लटका छात्र का शव बरामद हुआ है। छात्र दसवीं का विद्यार्थी था। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि इसी सप्ताह दुमका में पेड़ से लटका नाबालिग लड़की का शव मिला था, जिसके बाद काफी बवाल मचा था।

## करम महापर्व संपन्न

रांची (आजाद सिपाही)। करम पूजा कृषि से जुड़ा हुआ है अनिल उरांव दिनांक 06/09/2021 दिन मंगलवार को बिरसा विकास जन कल्याण समिति मिसिर गोंदा के तत्वाधान में करम महापर्व संपन्न हुई। मौजा के पहान राजा श्री बिरसा मुंडा एवं कोटवार लक्ष्मण नायक ने रूढ़िवादी परंपरा पूजा पद्धति से रंगुवा मुर्गा का बलि देकर पूजा संपन्न किया। मुन्ना गाड़ी ने करम कहानी सुनायी। मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार टोप्पो (डीआइजी सीआरपीएफ कोबरा बटालियन रांची) ने कहा कि आदिवासी समाज के पास बहुत सारी चुनौती है। हम सभी को मिलकर सामना करना है। साथ ही हमारी संस्कृति, परंपरा , पूजा पद्धति , रीति रिवाज को सदैव बचायें रखना है और एक दूसरे के हर सुख दु:ख में साथ खड़ा रहना है। समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा करम पूजा आदिवासियों का मुख्य कृषि पर्व है आदिवासी समाज कृषि पर ही निर्भर रहता है करम पूजा के बाद करम डाली/भेलवा डाली को खेत में गाड़ दिया जाता है, ऐसा माना जाता है कि इससे फसल सुरक्षित रहता है और पैदावार अधिक होती है। करम त्यौहार कृषि और प्रकृति से जुड़ा है, जिसमें परिवार की सुख समृद्धि के साथ फसलों की अधिक पैदवार के लिए प्रकृति से अराधना की जाती है। इस कार्यक्रम में अथिति के रूप में श्री अशोक सिंह पूर्व महापौर, वार्ड पार्षद 2 श्री गुंदरा उरांव, जनक नायक झामुमों जिला उपाध्यक्ष, विपिन टोप्पो जिला परिषद सदस्य, अजित लकड़ा, सोनू खलखो, राजू रजक, कुंदन सिंह, जगदीश चंद्र जोशी सर, गोंदा थाना प्रभारी रवि ठाकुर, विनय कुमार सर, समिति के मुख्य संरक्षक एतवा मुंडा, मंगा उरांव, देव नारायण खलखो, राम नारायण खलखो, जग्गनाथ उरांव, सुरेश टोप्पो, सोहराई उरांव, अजय उरांव, राज तिर्की, आकाश तिर्की, कंचन नायक, विवेक खलखो, कृष्णा उरांव, सम्मी गाड़ी, आकाश उरांव, सन्नी उरांव संजय लकड़ा, बबला राम, रोशन कंडुलना, सूरज पहान, मनोज उरांव, आशीष हेमरोम, भानु उरांव, प्रकाश उरांव, मंगल उरांव, ललित लिंडा , रमेश बांडो , राकेश लकड़ा , महावीर नायक, आंनद उरांव, मंटू सिंह, राकेश लकड़ा, राजेश उरांव, गोलू मुंडा, आशीष लकड़ा, रमीज जी, जगरनाथ उरांव, सोनू बैक, राजू बैक, मुकेश लकड़ा, राजवीर सिंह, अमन हेमरोम, राजा नायक, नितिन लिंडा, आलोक बांडो सीमा बांडो, पुतुल उरांव, शांति उरांव, सीमा कच्छप, बसंती कुजूर, सुनीता गाड़ी, सोनिया बांडो सीमा बांडो, पूनम बांडो, चांदनी तिर्की, अंजली लिंडा, पूजा लिंडा, सिमरन लिंडा पायल बांडो मौजूद थे।

# इंग्लिश बोलना सीख रहे हैं झारखंड में भाकपा माओवादी के नक्सली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में सक्रिय भाकपा माओवादी संगठन के नक्सली इंग्लिश बोलना सीख रहे हैं। इस बात की पुष्टि झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़ पर चलाये जा रहे एंटी नक्सल अभियान के दौरान हुई है। गौरतलब है कि अभियान के तहत सुरक्षा बलों को मंगलवार ( 5 सितंबर) को चाइनीज ग्रेनेड सहित 106 से अधिक अलग-अलग तरह के



लैंडमाइंस और 350 से अधिक गोलियां मिलीं। इस दौरान सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के बंकर से दो किताब बरामद की है, जिनमें इंग्लिश सीखने और इंग्लिश बोलने के दौरान होनेवाली गलती के बारे में बताया गया है। पहली किताब का नाम है अंग्रेजी बोलना सीखें और दूसरी का नाम है-इंग्लिश भाषा के एरर और मिस्टेक्स से कैसे बचें।

### बंकर में रखे गये थे विस्फोटक

झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित बूढ़ा पहाड़ पर चलाये जा रहे एंटी नक्सल अभियान के दौरान सुरक्षा बल को बड़ी सफलता मिली थी। मंगलवार को अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को चाइनीज ग्रेनेड सहित 106 से अधिक अलग-अलग तरह के लैंडमाइंस और 350 से अधिक गोलियां मिलीं, नक्सलियों ने सामान बंकर में छिपा कर रखा था।

## मनरेगा अंतर्गत लोकपालों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# निष्पक्षता और पारदर्शिता पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के अंतर्गत नियुक्त लोकपालों के लिए आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि सभी लोकपालों अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। इसके लिए मनरेगा के हर पहलू को समझने के साथ ही लोकपाल की भूमिका की भी गहन जानकारी जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि लोकपाल का पद, पद न होकर एक संस्था है, जहां आपको नियमों एवं कानून के अनुसार शिकायतों का निराकरण करना है। लोकपाल की निष्पक्षता ही उसे संस्था का रूप देती है। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि लोकपाल योजना में पारदर्शिता को बढ़ाने की संस्था है। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी लोकपालों से कहा कि वे अपने उत्कृष्ट दायित्व निर्वहन से रोल मॉडल बनें। धैर्यपूर्वक एक जज की तरह समस्या या शिकायतों को सुनें, परखें और निर्णय लें। जरूरत समझने पर सजा का भी अनुमोदन करें। उन्होंने लोकपालों से ज्यादा से ज्यादा फील्ड विजिट करने को कहा। इस मौके पर संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास विभाग अरुण कुमार सिंह मास्टर ट्रेनर, ठाकुर गौरी शंकर-लेक्चरर, मुकेश कुमार-व्याख्याता, उप निदेशक अनुपम भारती, अनिल यादव सहायक निदेशक एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## देवघर के सात पर्यटक स्थलों को स्थानीय महत्व का दर्जा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार ने देवघर जिले के सात प्रमुख स्थलों को स्थानीय पर्यटक स्थल घोषित किया है। इस संबंध में पर्यटन विभाग ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दिया है। श्रेणी डी के तहत फागो धाम, मधुपुर, जामा शिवधाम, मधुपुर, पनाहकोला मजार, मधुपुर, सारठ मजार, सारठ, बभनगामा दुबे धाम, सारठ, गोसुवाधाम दुःखहरण बाबा, करौं, लालगढ़ मजार, करौं को पर्यटन स्थल के रूप में घोषित किया गया है। विभाग अब इन स्थानीय महत्व के स्थलों को विकसित करने के लिए कार्ययोजना तैयार करेगा। संबंधित देवघर जिला इसके विकास के लिए प्रस्ताव भी मांगा जा रहा है।

## कॉमनवेल्थ गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रांची (आजाद सिपाही)। बिरमिंघम में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण और रजत पदक जीताकर धमाल मचाने वाले लॉन बॉल्स के झारखंडी खिलाड़ियों के सम्मान का क्रम जारी है। उन्हें सम्मानित कर झारखंड का हर खेल प्रेमी अपने को गौरवाविंत महसूस कर रहा है। बुधवार को रांची के स्प्रिंग सिटी मॉल के एशियन ट्री रेस्टोरेंट्स ने इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह के अवसर पर लॉन बॉल्स के स्वर्ण विजेता खिलाड़ी लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की, सिल्वर पदक विजेता खिलाड़ी चंदन कुमार सिंह, दिनेश कुमार और सुनील बहादुर और इन इतिहास रचने वाले खिलाड़ियों के कोच डॉ मधुकांत पाठक को सम्मानित किया गया। स्प्रिंग सिटी मॉल के निदेशक शौर्य ने सभी का स्वागत करते हुये कहा कि झारखंड की धरती अब एक अनजाने से खेल लॉन बॉल्स के नाम से भी जानी जायेगी।

# जेसीआइ रांची उड़ान ने फिर रचा एक नया इतिहास

रांची (आजाद सिपाही)। जेसीआई रांची उड़ान की फाउंडर प्रेसिडेंट राखी जैन दिन प्रतिदिन एक नया कीर्तिमान बना रही हैं नारी सशक्तिकरण के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है की श्रीमती राखी जैन देश में ही नहीं विदेश में भी जेसीआई रांची उड़ान रांची का नाम रोशन कर रही है। जैसा कि आप सभी जानते हैं राखी जैन नेशनल प्रेसिडेंट भी रह चुकी हैं उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं यह सपना कुछ अधूरा सा लग रहा था उन्होंने तय किया क्यों ना जेसीआई का जॉन ट्रेनिंग और नेशनल ट्रेनिंग एक सपना होता है और यह बहुत ही कठिन ट्रेनिंग होती है जिसकी तैयारी 2 महीना पहले से करनी पड़ती है छोटे-



छोटे परीक्षाओं से निकलना पड़ता है फिर इसकी 4 दिन ट्रेनिंग होती है जिसमें 24 घंटे में 22 घंटे काम करना पड़ता है जेसीआई रांची उड़ान बहुत ही गर्वित महसूस कर रहा है कि हमारे अध्याय की फाउंडर प्रेसिडेंट राखी जैन इन सारी प्रतिक्रियाओं से निकलकर एक नई खिताब हासिल की है वह हमारे अध्याय से पहली नेशनल ट्रेनर बनी बहुत सालों बाद इस मंडल से भी कोई महिला नेशनल ट्रेनर के रूप में मिली जेसीआई रांची उड़ान की सारी सदस्यों के लिए बहुत गर्व की बात है कि वह एक ऐसी शाखा में है जहां की संस्थापक अध्यक्ष नित नये कीर्तिमान हासिल कर रही हैं सभी उन्हें बहुत बधाई दे रही हैं।

### मैने एक लक्ष्य निर्धारित किया था: जैन

राखी जैन बहुत ही खुश हैं, उन्होंने कहा कि पिछले साल वह राष्ट्र नेशनल प्रेसिडेंट रही और इस साल इंटरनेशनल वाइस प्रेसिडेंट है लेकिन इस ट्रेनिंग के बिना उन्हें कुछ अधूरा लग रहा था, उन्होंने एक लक्ष्य निर्धारित किया था और वह पूरा हुआ आज वह कंप्लीट जेसी राखी जैन हैं, आने वाले समय पर वह इस शिक्षा को बेटरमेंट ऑफ रांची बटरमेंट ऑफ इंडिया के लिए यूज करेंगी। कोई भी संस्था या कोई भी कॉलेज उनसे हेल्प लेना चाहेगा तो वह इस नेक कार्य के लिए हमेशा आगे रहेगी। यह सारी जानकारी मीडिया प्रभारी पूजा पूजा सरावगी ने दी।

# झारखंड खाद्य सुरक्षा योजना : 5 लाख बढ़े लाभुकों में संथाल के सभी छह जिलों के 1,66,193 लोग होंगे लाभांवित

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाते हुए पिछले दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लाभुकों की संख्या में काफी बढ़ोतरी की थी। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अभी तक लाभुकों की संख्या 15 लाख थी, जिसे बढ़ाकर 20 लाख किया गया है। 5 लाख लाभुकों के बढ़ोतरी में संथाल परगना के सभी छह जिले (दुमका, पाकुड़, साहेबगंज, गोड्डा, जामताड़ा, देवघर) प्रभावित हुए हैं। छह जिलों को मिलाकर कुल 1,66,193 लाभुकों को सीधे-सीधे लाभ मिलेगा। 5 लाख लाभुकों के बढ़ोतरी में 33.23 प्रतिशत संथाल से हैं। हालांकि सबसे ज्यादा बढ़ोतरी दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल की है। यह कुल 33.91 प्रतिशत लाभुक बढ़े हैं। वहीं, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, पलामू, पूर्वी सिंहभूम और रांची जिले में लाभुकों की संख्या में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

### जानें किन जिलों में कितने लाभुकों की संख्या बढ़ी

संथाल परगना में बढ़े लाभुकों की संख्या में सबसे अधिक संख्या पाकुड़ की है। जिले में 50,754 लाभुक बढ़े हैं। वहीं देवघर में 3,885, दुमका में 20,012, गोड्डा में 18,677, जामताड़ा में 40,543 और साहिबगंज में 32,322 लाभुक बढ़े हैं। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल में सबसे अधिक लाभुकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। यहां कुल मिलाकर 1,69,571 लाभुक बढ़े हैं। इसमें सबसे अधिक खूंटी में 49,438 लाभुकों की बढ़ोतरी हुई है। लोहरदगा में 47,706, गुमला में 24,055, सिमडेगा में 48,372 लाभुकों की बढ़ोत्तरी हुई हैं। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल में सबसे अधिक चतरा जिले में लाभुकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। यहां 44,497 लाभुक बढ़े हैं। वहीं कोडरमा में 16,886 और रामगढ़ में 1925 लाभुक बढ़े हैं। कोल्हान प्रमंडल में पश्चिमी सिंहभूम में 18,854 और सरायकेला-खरसांवा जिले में 14,812 लाभुक बढ़ाये गये हैं।

### 5 किलोग्राम चावल प्रति लाभुक प्रति माह 1 रुपये प्रति किलोग्राम की अनुदानित दर पर

राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से लाभान्वित लाभुकों को अनुदानित दर पर खाद्यान्न (चावल) उपलब्ध कराया जाता है। इसके लिए जनवरी 2021 से झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना लागू की गयी थी। योजना के तहत लाभान्वित लाभुकों को 5 किलोग्राम खाद्यान्न (चावल) प्रति लाभुक प्रति माह एक रुपये प्रति किलोग्राम की अनुदानित दर पर उपलब्ध कराया जाता है। संबंधित योजना अंतर्गत आच्छादित होने वाले लाभुकों का अधिकतम सक्ष्य 15 लाख निर्धारित है। वर्तमान में राज्य में लाभुकों की संख्या 14,80,069 है जो कि निर्धारित लक्ष्य का 98.67 प्रतिशत है। हेमंत सरकार ने झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य यथा 15 लाख लाभुक से बढ़ाकर 20 लाख लाभुक किये जाने का निर्णय लिया है। इस प्रकार 5 लाख अतिरिक्त लानुकों को योजना के तहत 5 किलोग्राम खाद्यान्न (चावल) प्रति लाभुक प्रति माह 1 रुपये प्रति किलोग्राम की अनुदानित दर पर दी जायेगी।

## कांग्रेस नेताओं ने प्रेम और सद्भावना के लिए भारत जोड़ो का लिया संकल्प




रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में बुधवार से कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्य, 150 दिन, 3570 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा का पूरा देश सहभागी बन रहा है। इसकी गूंज झारखंड में सुनाई दे रही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं डा. राजेश गुप्ता के नेतृत्व में डोरंडा स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नेताओं ने प्रेम और सद्भावना के लिए भारत जोड़ो का संकल्प लिया। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में झारखंड भी अपनी भागीदारी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों ही रूप में सुनिश्चित है। डा. राजेश गुप्ता ने कहा कि बेलगाम बेरोजगारी, कमरतोड़ महंगाई, देश में व्याप्त नफरत के खिलाफ लड़ाई, मजबूत, समृद्धि और सामंजस्यपूर्ण भारत के लिए एकजुट होने का समय आ गया है। कार्यक्रम में अभिषेक साहू, फिरोज रिजवी मुन्ना, कुमुद रंजन, रीतेश छेत्री, भरत प्रधान, मन बहादुर तामंग, रंजीत कुमार महतो, लालजी प्रसाद, अंजली देवी, दीपा कच्छप, सुमित्रा मिंज, पिंकी तिग्गा, नीलिमा मिंज, निशा कच्छप, जॉन लकड़ा, प्रकाश महतो, प्रेस लिंडा, ललित शर्मा, संजीव कुमार, साजन अंसारी, दिनेश नायक, रघु कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन सेट ने किया भूमि पूजन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन सेट,डोरंडा द्वारा 50 वर्षों से अधिक समय से हो रहे दुर्गा पूजा की तैयारियां जोर शोर एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है। दो वर्ष के कोरोना महामारी के उपरांत दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर एक ओर समिति के पदाधिकारी उत्साहित हैं तो दूसरी ओर माता के भक्त गणों के भावनायें एवं श्रद्धा भी चरम पर हैं। पूजा आयोजन को लेकर छप्पन सेट मैदान में पंडित उदय मिश्रा के देखरेख में दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आज विधिवत मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन किया गया और पूजा पंडाल का निर्माण कार्य कोलकाता के कारीगरों द्वारा प्रारंभ किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी मेंहुल दूबे ने बताया कि साठ फीट काल्पनिक मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जिसके शीर्ष पर भगवान शिव अपनी जटा से गंगा को निकालते हुए दिखाई देंगे। आकर्षक विद्युत सज्जा, साउंड सिस्टम एवं बंगाल का ताशा पार्टी आकर्षण के केंद्र बिंदू रहेंगे। दुर्गा पूजा के सफल संचालन हेतू वर्ष 2022 के लिए समिति का निम्नवत गठन किया गया है: श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति 56 सेट डोरंडा रांची: संस्थापक: कपिलदेव सिंह, संरक्षक: गोपाल तिवारी, दीपक सिन्हा , कमलेश प्रसाद, बीएन झा , बबलू सिन्हा, अध्यक्ष: गौतम कुमार दूबे (गोपी),सचिव : महेंद्र प्रसाद, उपाध्यक्ष: विजय कुमार गुप्ता, जे डी गुरुंग, संजय शास्त्री, अजित राय , राकेश वर्मा, मीडिया प्रभारी: मेंहुल दूबे, सह सचिव: विवेक सिंह, अनूप कुमार, विकास छेत्री,पंडित: उदय शंकर मिश्र, पूजा प्रभारी: कमलेश झा,विशेष आमंत्रित सदस्य: अभय सिंह, ओ.पी शर्मा , आर.पी साह , संजय सिंह, बी.के मिश्रा, विनोद छेत्री, चुन्नू सिंह, कृषणाश्रय शर्मा, शशि भूषण सिंह, सामु घोष, मनोज तिवारी, रितेश थापा, मनीष कुमार दूबे, लाइट एंड साउंड: सन्नी कुमार (चीकू), दीपक ठाकुर, सदस्य: आयुष कुमार गुप्ता, अश्विनी कुमार, शशिकांत (गोलू), संतोष बनाये गये हैं।

## एकता और भाईचारगी का संदेश देता है करमा पूजा : काले



रांची (आजाद सिपाही)। करमा पर्व के दूसरे दिन बुधवार को करम डाल का विसर्जन किया गया।इस अवसर पर भालूबासा से निकली शोभायात्रा में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। शोभायात्रा में मुख्यतः मुंडा समाज, तुरी समाज,भूईंया समाज, उरांव समाज की सहभागिता रही' इससे पहले करम डाल की विधिवत पूजा अर्चना उपवास पर रहीं युवतियां-महिलाओं ने की ' शोभायात्रा के लिए निकले लोग पारंपरिक गीतों पर नृत्य करते दिखे। आदिवासी बालिकाओं ने करम करम कहले आयो, करम का दिन कैसे आवे, अषाढ़-सावन बीत गेला रे...समेत अन्य गीतों पर नृत्य पेश कर समा बांध दिया। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि- करमा पूजा एकता और भाईचारगी के साथ जीवन जीने की सीख देता है। सभी वर्गों को मिलजुल कर अपनी-अपनी संस्कृति, संस्कारों को अक्षुण रखने का संदेश देता है। वर्तमान परिपेक्ष्य में करमा पर्व की महत्ता ज्यादा है। आज समाज में द्वेष काफी बढ़ गया है। सामूहिकता का भाव घटता जा रहा है। समाज की चिंता के बजाय खुद की तरक्की व आयोजन हावी है। इसका समाज में नकारात्मक भाव पैदा हो रहा है। समाज के बुद्धिजीवियों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। हमारी संस्कृति कैसे पल्लवति हो इसका भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने करमा पूजा पर सामूहिकता, सौहार्द्र और समाज हित को सर्वोपरी रखकर जीवन जीने का संकल्प लेने का अनुरोध किया '

## महानगर समिति का विस्तार किया

रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को प्रातः 12 बजे रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का कार्यालय बिहार क्लब के प्रांगण में रांची महानगर के मुख्य संयोजक सह अध्यक्ष डॉ अजीत कुमार सहाय के द्वारा उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात एक आवश्यक बैठक किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मुख्य संयोजक डॉ अजीत कुमार सहाय, उप संयोजक रामधन वर्मन सह संयोजक प्रो अरुण सिंह, अमर नाथ साहु, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप राय बाबू, राजकिशोर, वरीय उपाध्यक्ष राजन वर्मा ,महामंत्री रविंद्र वर्मा ,कोषाध्यक्ष संजय सिन्हा गोपू ,सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत काफी विचार विमर्श के बाद का महानगर समिति का विस्तार किया गया। जिसमें सह संयोजक-श्री दिनेश साहू, असीम सरकार, राजेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू एवं दिलीप गोप बनाए गए । इसके उपरांत विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारियों को महानगर समिति का विस्तार कर शामिल किया गया । उसी प्रकार उपाध्यक्ष- श्री अमित सोनी, प्रकाश चंद्र सिंहा, रमेश सिंह, शशि प्रकाश वर्मा, मोहन प्रसाद, जय वर्मा अमित वर्मा राजूराम, सज्जन कुमार पंकज, भास्कर वर्मा, महेश चंद्र, उज्जवल तिवारी, प्रमोद सहदेव, संतोष महतो, नीरज वर्मा, अभिषेक राज, मनीष कुमार बबलू, वीरेंद्र चक्रवर्ती, अजीत सेनगुप्ता, अजय वर्मा, वर्मा आशीष वर्मा सजन सिन्हा टिंकू झा, सजन सिन्हा, श्यामल राय,विजय कुमार टीनू, अजीत दास, कुमारेश चक्रवर्ती , शंकर प्रसाद कर्न लखपति शाव, जे डी सोनी, अमित घोष, राजेश कुमार राज, विनोद सिंह, विकास पासवान, प्रभात सिन्हा चुनचुन, मंत्री- मंटू वर्मा, सुनील कुमार बॉबी एंव गौरव घोष। संगठन मंत्री-युवराज पासवान एवं सह संगठन मंत्री-राहुल देव बर्मन बनाए गए। सह मंत्री-राणा रणधीर, वशिष्ठ लाल पासवान, अनिल वर्मा, अजय सिंह, विजय शंकर, संजीव तिवारी झूना, पप्पू सिंह, सुनील शर्मा, नवीनदू उपाध्याय, बालसाय मह तो, आशीष सोनी, गंगा सिंह संजय सिंह, चंदन ठाकुर चंदन ठाकुर, तरुण उरांव, अंकित आनंद, राम ओहदार, पंकज प्रजापति, संतोष झा, रमेश कुमार रुपेश कुमार, प्रमोद पाठक, राजेश महतो, त्रिलोकी सिंह,ओ.पी.मिश्रा, जे.डी.सोनी,बनाए गए । यह जानकारी महानगर समिति के कार्यकारीअध्यक्ष प्रदीप राय बाबू एवं महामंत्री रविंद्र शर्मा ने दिया।

## मैकलुस्कीगंज में दो सड़कों का शिलान्यास



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैक्लुस्कीगंज में बुधवार को दो सड़कों का शिलान्यास हुआ। समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय ने शिलापट्ट हटाकर शिलान्यास किया। सबसे पहले मैकलुस्कीगंज स्टेशन के समीप एक सड़क का शिलान्यास हुआ। इसके बाद थाना के समीप सड़क का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत मैकलुस्कीगंज स्थित मुन्ना अग्रवाल के घर से कोनका गांव होते हुए मुख्य पथ एवं विद्युत सब स्टेशन होते हुए थाना तक मजबूतीकारण एवं सुदृढ़ीकरण और दूसरी सड़क धुर्वा मोड़ से बुध बाजार तक मजबूतीकरण एव सुदृढ़ीकरण होगा। इस मौके पर जिप सदस्य सरस्वती देवी, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सिंह, आरईओ एसडीओ महेश सिंह, शशिभूषण सिंह, शैलेंद्र शर्मा, शत्रुंजय सिंह, जितेंद्र पांडेय, दिलीप पासवान, रामसूरत यादव, शशि उरांव, सहदेव महली, आनंद सिंह, नागदेव सिंह, मनोज जायसवाल, शिव चौधरी, भोला चौहान, मनोहर गोप, किरण देवी और सरोजिनी देवी आदि उपस्थित थे।

## संजय यादव बने झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला महासचिव



खूंटी (आजाद सिपाही)। झामुमो के खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने तोरपा के कोटेंगसेरा गांव निवासी संजय यादव को झामुमो बुद्धिजीवी मोर्चा का खूंटी जिला महासचिव मनोनीत किया है। मनोनयन का अनुमोदन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष से प्राप्त हुआ है। उनके मनोनयन पर मगन मंजीत तीडू, सुदीप गुड़िया, मसीह गुड़िया, सुशील पाहन, राहुल केसरी, प्रदीप केसरी, स्नेहलता कंडुलना, देवनाथ मधइया, मोजीर अंसारी, गुलशन सिंह मुंडा आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## पूर्व प्रेस छायाकार की पत्नी का निधन

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी के पूर्व प्रेस छायाकार श्याम किशोर भगत उर्फ बाबू की पत्नी संघमित्रा देवी (50) का मंगलवार को उनके मायके (पश्चिम बंगाल के नलहटी रामपुरहाट) में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थी। बुधवार तड़के उसके शव को बंगाल से खूंटी लाया गया और तजना मुक्तिधाम में पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार कर दिया गया। मुखाग्नि पति श्याम किशोर भगत ने दी। उनके निधन पर वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कुमार भगत, पत्रकार अरुण चौधरी, प्रदीप कुमार भगत, गणपत भगत, ज्योतिष भगत, ओम प्रकाश मिश्रा, राधेश्याम गोप, रामकुमार भगत, रामानंद तिवारी, सुखदेव भगत, रंजीत चौधरी, उमेश चौधरी, निरंजन भगत, मुजफ्फर हुसैन व प्रेमानंद तिवारी आदि ने संवेदना व्यक्त की।

## एसओपी से मिला पिपरवार स्पोर्ट्स टीम का प्रतिनिधिमंडल

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार स्पोर्ट्स टीम का एक प्रतिनिधिमंडल कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय से मिला। टीम मैनेजर रामजतन गंझु और कोच दिलनवाज अंसारी ने बुके देकर उनका स्वागत किया। पिपरवार की फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन और हॉकी आदि खेलों में खिलाड़ियों को हो रही समस्या से उन्हें अवगत कराया। जिसके समाधान करने का उन्होंने भरोसा दिया।

## मेंटोर ट्यूटोरियल्स में मना शिक्षक दिवस



मांडर (आजाद सिपाही)। मांडर के कंदरी स्थित मेंटोर ट्यूटोरियल्स में बुधवार को शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस संस्था के संस्थापक शिव भजन प्रसाद ने छात्रों को शिक्षक दिवस के महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा शिक्षक के बिना शिक्षा अधूरी है। बदलते परिवेश में लोगों ने अनेकों प्रकार से शिक्षा को माध्यम बना लिया है। लेकिन शिक्षक और छात्र का रिश्ता काफी गहरा रहता है जो कभी बदलता नहीं है। उपस्थित छात्रों ने शिक्षकों को उपहार देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर राज, अंशु राज, किंशूक, वसीम, साहिल, आनंद आदि छात्र मौजूद थे।

### तोरपा में जंगल के पास खेत से बरामद हुआ शव, लाठी से पिटाई के मिले निशान

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत, हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी। तोरपा थाना अंतर्गत बारकुली मनमनी जंगल के पास खेत से पुलिस ने बुधवार को एक युवक का शव बरामद किया। उसकी पहचान अजय सिंह के रूप में हुई है। वह गुमला जिले के बसिया थाना क्षेत्र स्थित लोटबा गांव का रहने वाला था। इस दिन दोपहर 12 बजे मवेशी चारा रहे ग्रामीणों ने तोरपा पुलिस को सूचना दी कि जंगल के किनारे स्थित खेत में युवक का शव पड़ा हुआ है। घटना की सूचना पाते ही तोरपा थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार और एसआई महती बोपाई तुरंत घटना स्थल पर पहुंच गए और शव को थाना ले आगए। देर शाम होने की वजह से शव को थाने में सुरक्षित रखा गया है। गुरुवार को सदर अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम कराया जायेगा। उधर, शव की सूचना पाकर अजय के पिता नरेंद्र सिंह भी थाने पहुंच गए। उन्होंने बताया कि अजय की शादी हो चुकी है और उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। दो साल पहले उसकी पत्नी अजय को छोड़ कर मायके चली गई है। इधर एक माह पूर्व अजय घर छोड़कर गुमला जिले के रायडीह में 15 दिनों तक रहा। उसके बाद 15 दिनो से वह तोरपा थाना क्षेत्र के सोसो गांव में अपने मामा के घर रह रहा था। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने कहा कि शव मिलने की सूचना पर जब वे लोग पहुंचे तो युवक के शव पर लाठी-डंडे से मारने के कई निशान मिले हैं। संभवतः पिटाई से ही उनकी मौत हुई है। घटनास्थल से एक लाठी भी बरामद की गयी है, लेकिन आशंका है कि युवक की हत्या किसी दूसरी जगह पर की गई है और शव को जगंल के पास फेंक दिया। हत्या के मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। बहुत जल्द हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा।

## एटीएस की टीम ने खलारी में की छापामारी

खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड एटीएस की टीम ने बुधवार को खलारी अंचल क्षेत्र में दो जगहों पर छापामारी की। एटीएस की सात-आठ सदस्यीय टीम दो वाहनों में दोपहर में खलारी थाना क्षेत्र के राय पहुंची और पूर्व निर्धारित घरों में छापामारी की। देर शाम मैकलुस्कीगंज थानान्तर्गत खलारी बाजारटांड़ में कई घरों में छापामारी जारी था। साथ में स्थानीय पुलिस भी थी। हालांकि छापामाकी से संबंधित कोई जानकारी नहीं दी गई। समाचार लिखे जाने तक छापामारी जारी था।

## नाली में गिर कर वृद्ध की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। शहर के डीएवी रोड में कोऑपरेटिव बैंक के समीप सड़क किनारे के पक्की नाली में गिर कर मंगलवार की देर रात 60 वर्षीय एक वृद्ध ग्रामीण की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान दुर्गा मुंडा के रूप में हुई है। वह दतिया का रहने वाला था। बुधवार को सदर अस्पताल से पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव स्वजनों को सौंप दिया। वहीं, मृतक की पत्नी करमी देवी ने बताया कि मंगलवार की रात 10 बजे घर में खाना खाने के बाद वह, उसके पति दुर्गा मुंडा और नौ साल का बेटा सुखराम मुंडा करम अखड़ा में आयोजित करम महोत्सव देखने के लिए पैदल घर से निकले। पैदल चलने के दौरान उसका पति उससे काफी आगे निकल गया, जबकि वह और उसका बेटा पीछे-पीछे आ रहे थे। करमी देवी जब अपने बेटे के साथ करम अखाड़ा पहुंची तो वहां उसका पति नहीं था। इस पर मां बेटे दोनों करम अखाड़ा में आयोजित नाच गान देखने लगे। इसी बीच देर रात लगभग दो बजे उसे सूचना मिली कि उसका पति का शव रास्ते के उक्त नाली में पड़ा है। सूचना मिलने पर जब वह उक्त नाली के पास पहुंची, तो देखा कि नाली में उसके पति मृत पड़े हुए हैं। संभावना जताई जा रही है कि नशे में पैदल चलने के दौरान दुर्गा मुंडा सड़क किनारे स्थित नाली में गिर गया होगा, जिससे उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई होगी। वैसे पुलिस अन्य संभावनाओं पर भी गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है।

## भूमिहीनों के लिए फ्लैटनुमा आवास परियोजना को लेकर की गई बैठक



खूंटी (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना घटक-3 भूमिहीन लोगों के लिए फ्लैटनुमा आवास परियोजना को लेकर बुधवार को नगर भवन में बैठक की गई। बतातें चलें कि कुछ महीने पूर्व सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जमुवादाग, खूंटी स्थित उक्त परियोजना की नींव रखी थी। जिसका कार्यान्वयन जारी है। बैठक में नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, खूंटी द्वारा उक्त परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि वर्तमान संवेदक द्वारा एक यूनिट का कार्य प्रारंभ किया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सुयोग्य लाभुकों का चयन पारदर्शी तरीके से करने का निर्देश दिया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष द्वारा सभी सुयोग्य लाभुकों से परियोजना के तहत लाभ लेने की अपील की गई। बैठक में नगर पंचायत के अध्यक्ष अर्जुन पाहन, उपाध्यक्ष रखी कश्यप, नगर प्रबंधक, सीएलटीसी, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि थे।

## पिपरवार क्षेत्र के 100 से अधिक शिक्षकों को किया गया सम्मानित



पिपरवार (आजाद सिपाही)। बचरा श्रमिक क्लब में पिपरवार विकास समिति की ओर से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पिपरवार के एजीएम निरंजन सेनापति भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इ दौरान विभिन्न स्कूलों से आए 100 सौ से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति ने कहा कि बच्चो का भविष्य शिक्षकों के हाथों में होता है। उनके कुशल नेतृत्व और मेहनत से बच्चे शून्य से शिखर तक पहुंचते है। इस मौके पर श्रमिक प्रतिनिधि कामेश्वर राम, रामू गोप, पिपरवार विकास समिति के अध्यक्ष अगनु देशवाली, सचिव संतोष कुमार राम, उमेश मेहता, महेन्द्र पंडित, बालदेव महतो, सत्यानारायण झा, निरंजन प्रजापति, एसबी सिंह, राजेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने के दोषी युवक को 25 साल के सश्रम कारावास की सजा

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संजय कुमार (2) की अदालत ने नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने के दोषी को पोस्को एक्ट की धारा छह के तहत 25 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई साथ ही एक लाख रुपये के जुर्माने की भी सजा सुनाई। उसकी पहचान हरिश भुइयां के रूप में हुई है। वह रनिया थाना क्षेत्र के बेलसियागढ़ का रहने वाला है। दोषी के खिलाफ पीड़िता ने रनिया थाने में पांच अक्टूबर 2021 को मामला दर्ज कराया था।

### पिपरवार में धूमधाम से मनाया गया करमा पूजा

पिपरवार (आजाद सिपाही)। पिपरवार कोयलांचल व आसपास के ग्रामीण इलाकों में करमा पूजा धूमधाम से मनाया गया। बचरा के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में करमा पूजा का उत्साह जोरों पर रहा। हर मोहल्ले और टोला में करम डाली की पूजा कर परंपरा को बढ़ाया गया। प्रकृतिक पर्व करमा का उत्साह सभी जगह पर देखा गया। परंपरा के मुताबिक निर्जला उपवास कर रहीं कुंवारी कन्याओ ने मांदर, ढोल और झाल की धुन के बीच करम डाल रोपा। सांध्य बेला में पुजारी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। दुल्हन की तरह सजाकर माता जावा रानी को करम डाल के आगे रखा गया फिर कथा शुरू हुई। इसके बाद उपवास करने वालों ने जल और फल ग्रहण किया। फिर नाच-गान हुआ। इस दौरान करम डाल के चारों ओर सामूहिक नृत्य कर देवता को रिझाया जाता रहा। बचरा के बसंत बिहार, वन विहार, अशोक विहार, माईन्र्स कॉलोनी, टीएच कॉलोनी, 122 कॉलोनी, 64 कॉलोनी, एलो कॉलोनी, बेती, बहेरा, किचटो, कल्याणपुर, कारो, बिलारी, हफुआ, बंहे, बुंडू, राय, पुरानीराय, बमने बचरा बस्ती आदि जगहों पर करमा पूजा उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं, त्योहार को ध्यान में रखते हुए पिपरवार पुलिस बेहद सतर्क दिखी। थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि करमा पूजा को लेकर रातभर क्षेत्र का गश्त लगाते रहे।

### करम डाल के विसर्जन के साथ त्योहार का समापन

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी, कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में करमा पर्व का समापन बुधवार को करम डाल के विसर्जन के साथ हुआ। खलारी, पीपल धोड़ा, चदरा धौड़ा, धमधमिया बिरसा नगर, ढुब तुमांग, करकट्टा, जेहलीटांड़, महावीर नगर, भूतनगर, बरवाटोली, नया धौड़ा, चानक धौड़ा, मानकी बस्ती, हैठ खोर राय बस्ती, डकरा, मोहनगर, केडीएच, विष्वकर्मा मोड, जीटाईप, गुलजारबाग आदि गांवों से करम डाली विसर्जन का जुलूस निकाला गया। जिसमें लोगों ने नाचते झुमते करम डाली का विसर्जन अपने आस-पास के नदियों और जलासयों में किया।

### करमा मिलन समारोह का आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। हुटाप बहेरा टॉड पेट्रोल गोदाम में बुधवार को कर्मा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता एवं जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, रामलखन गंझू, राजकुमार गुप्ता, नरेश गंझू आदि ने किया। मिलन समारोह में विभिन्न कर्मा पूजा अखरा के न्यू शांतिनगर, जोरा काठ, मुंडा धौड़ा, मैनेजर बंगला, डेम धौड़ा, हुटाप, बहेराटांड, बड़कीटांड, करकट्टा बस्ती खोड़हा टीम अपने परंपरिक ढोल नगाड़ा, मांदर के साथ अपनी सांस्कृतिक नृत्य पेश किया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने सभी खोड़हा टीमों को दरी देकर पुरस्कृत किया। वहीं बिगन सिंह भोगता ने सभी टीमों को 1500 नगद देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के बाद करम डाली का विसर्जन किया गया। इस मौके पर प्रभाकर गंझू, बुल्ला गंझू, मनोज गंझू, सरंक्षक बाबूलाल गंझू, अध्यक्ष राहुल गंझू, सचिव गोविंद भोगता, कोषाध्यक्ष बबलू गंझू, रोहित गंझू, अजय गंझू, सुशील उरांव आदि मौजूद थे।

### बैंक ऑफ इंडिया खलारी शाखा में धूमधाम से मना 117वां स्थापना दिवस



खलारी (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया की खलारी शाखा परिसर में बुधवार को बैंक का 117वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाखा की लिपिक सौम्या दीप ने शाखा प्रबंधक, अधिकारियों व अन्य कर्मियों की उपस्थिति में बैंक के स्थापना दिवस का केक काटा। वहीं, ग्राहकों को बेहतर सेवा दिए जाने के लिए सदैव तत्पर रहने का सामूहिक संकल्प लिया गया। शाखा प्रबंधक आलोक कुमार ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया पूरे देश में ग्राहकों को 117 वर्षों से सेवा दे रहा है। ग्राहक और बैंक ऑफ इंडिया का अटूट संबंध है। बैंक ऑफ इंडिया का स्लोगन ही रिश्तों की जमा पूंजी है। उन्होंने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ बैंक के माध्यम से लेने की अपील की। वहीं बैंक से लिए गए ऋण को ससमय लौटाने का आग्रह किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक आलोक कुमार, अधिकारियों में सोनू टोप्पो, लुसी जसिन्ता खोया, अरविन्द कुमार साहू, लिपिकों में सोमेन कर, साधु शरण, रोहित कुजूर, सोम्या दीप, अधीनस्त कर्मचारियों में रामप्रवेश राम, राजेन्द्र राम रजक, मनोज तिर्की, अशोक ठाकुर, रीता देवी, रूपेश कुमार यादव व मुकेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

### नगड़ी में घर का ताला तोड़कर चोरी

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत नयासराय निवासी अशोक साहू और राजू उरांव के घर का ताला तोड़कर मंगलवार की रात्रि पैंतीस हजार रुपये नगद सहित कुछ सामान की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी। इस संबंध में राजू तिर्की ने नगड़ी थाना में लिखित सूचना दी है। उन्होंने बताया कि रात्रि में वे लोग सपरिवार करम पूजा देखने गांव की अखरा में गए थे कि सूचना मिली कि घर के अंदर कुछ आवाज आ रही है। घर पहुंच कर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और घर का सामान सब इधर उधर बिखरा पड़ा है। उन्होंने नगड़ी थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रथामिकी दर्ज कराकर जांच की मांग की है। नगड़ी थाना प्रभारी विनोद राम ने कहा कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### एलआइसी ने लगाया रक्तदान शिविर

मांडर (आजाद सिपाही)। रिम्स रक्तकोश व जेएसएसीएस के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मांडर स्थित एलआईसी शाखा में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 49 इकाई रक्त संग्रहित किया गया। इसके पूर्व रक्तदान शिविर का उद्घाटन एलआईसी के मांडर शाखा प्रबंधक राजीव कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी विजय गांगुली, कैशियर विशाल कुमार सिन्हा व अभिकर्ता इरशाद अंसारी ने रक्तदान कर किया। विदित हो कि प्रशासनिक पदाधिकारी विजय गांगुली का 67वां व शाखा प्रबंधक राजीव कुमार सहित 17 लोगों ने पहला रक्तदान किया। शिविर को सफल बनाने में एलआईसी अभिकर्ता संघ (लियाफी) व कर्मचारियों का काफी योगदान रहा। मौके पर रामप्रकाश, विशाल, मनोज झा, रवि सहाय, ऋषिकेश, प्रदीप पाठक, चंदन मिश्रा, कृष्णा नायक, मनोज प्रसाद, वचन उपाध्याय, अंबिका प्रसाद, सुशील कुमार आदि मौजूद थे।

### दिशा-निर्देश: डीसी शशि रंजन ने किया समेकित आजीविका कृषि पार्क का निरीक्षण

# ठोस अपशिष्ट उत्पादन संयंत्र विकसित करने की जरूरत: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



कृषि पार्क के निरीक्षण के दौरान मत्स्य पालन के तरीके को दिखाते पदाधिकारी।

खूंटी। डीसी शशि रंजन ने बुधवार को कर्रा प्रखंड स्थित समेकित आजीविका कृषि पार्क का निरीक्षण किया। कृषि पार्क को विकसित करने एवं कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने संबंधित चर्चा करने के साथ ही की कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान डीडीसी, बीडीओ, सीओ, मत्स्य पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस, बेटर वर्ल्ड फाउंडेशन के प्रतिनिधि व अन्य विभागीय अधिकारी भी थे। डीसी ने इन कार्यों को सफल रूप प्रदान करने के लिए सखी मंडल की दीदियों के साथ स्थानीय ग्रामीणों को समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही। विशेष रूप से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। लगे हाथ मधुमक्खी पालन बॉक्स की क्षमता 24 से बढ़ाकर 100 करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट उत्पादन संयंत्र विकसित करने की आवश्यकता है। नए बतख शेड बनाने के निर्देश के अलावा कृषि पाठशाला के माध्यम से आजीविका के वैकल्पिक संसाधनों जैसे हॉर्टिकल्चर यानी उद्यान कृषि, फ्लोरीकल्चर यानी फूलों की बागवानी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, उन्नत एवं वैज्ञानिक कृषि और सिंचाई से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने की बात कही। इस परियोजना के माध्यम से कर्रा के आसपास के किसानों को कृषि, पशुपालन, बागवानी से जुड़े प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के फलों एवं फूलों का उत्पादन आधुनिक तरीके से किया जाता है। हॉर्टिकल्चर के तहत पॉमीलॉजी यानी फलदार वृक्ष, ओलोरीकल्चर यानी विभिन्न तरह की सब्जियों से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। यहां बड़े पैमाने पर स्ट्रॉबेरी की खेती हो रही है। वहीं जिला प्रशासन और कृषि विज्ञाग द्वारा ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। फिलहाल प्रयोग के तौर पर एक एकड़ क्षेत्रफल में ड्रैगन फ्रूट की खेती की गई है। इसके अलावे मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मशरूम इकाइयों की भी स्थापना की जा रही है। योजनाओं से शेड का निर्माण कर गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गीपालन किया जा रहा है। वहीं मछली सह बत्तख पालन, केंचुआ खाद उत्पादन जैसी कृषि से जुड़ी जीविकोपार्जन की तमाम गतिविधियों को भी बल मिला है। बताया कि कृषि के लिए तकनीकी उपकरण पर भी खासा जोर दिया जा रहा है।

जिले में पानी की कमी के कारण रबि और जैद के मौसम में किसान खेती नहीं कर पाते हैं। टपक सिंचाई कम पानी की लागत में दोगुने उत्पाद का एक सशक्त जरिया है। इसके जरिए 90 फीसदी तक पानी की बचत होती है, तो वहीं खाद-बीज की लागत भी 60 फीसदी तक कम आती है। टपक सिंचाई के लिए जमीन सिर्फ एक बार तैयार करनी होती है।

### डीसी का निर्देश, 17 अक्टूबर से शुरू होगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



खूंटी (आजाद सिपाही)। डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को एमडीए कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर बैठक हुई। इस दौरान आगामी 17 अक्टूबर से प्रारंभ होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही जिले में चलाए जाने वाले एमडीए कार्यक्रम के संबंध में लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। 17 अक्टूबर को कृमि की दवा विद्यालय, आंगनबाड़ी सेंटर एवं सहियाओं द्वारा एक वर्ष से लेकर 19 वर्ष के युवाओं को खिलायी जाएगी। वहीं 20 अक्टूबर को छूटे हुए बच्चों के लिए मौक अप दिवस पर दवा खिलायी जायेगी। यह कार्यक्रम जिले के पांच प्रखंड अड़की, रनियां, कर्रा एवं खूंटी में चलाया जाएगा। साथ ही मुरहू प्रखण्ड में एमडीए कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें जांच के बाद उचित इलाज की व्यवस्था की जाएगी। डीसी ने कहा की कृमि पोषक तत्व के अवशोषण में बाधा उत्पन्न करते हैं, जिसके कारण एनीमिया, कुपोषण एवं मानसिक तथा शारीरिक विकास में बाधा उत्पन्न होती है। वयस्क होने पर आर्थिक विकास के लिए कृमि अवरोध पैदा करते हैं, गर्मी से बचाव के लिए बच्चों को हाथ धोने, साफ पानी पीने आदि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जिला अंतर्गत सभी प्रखंडो में व्यापक स्तर पर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम किया जाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ पा सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि 95 फीसदी तक लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाय।

## विधायक ने सिल्ली कॉलेज के छात्रावास जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली कालेज सिल्ली के छात्रावास परिसर में पिछड़ी जाति छात्रों के 50 बेड वाला छात्रावास भवन का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास विधायक सुदेश कुमार महतो, रांची विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, सिल्ली इंटर कालेज के अध्यक्ष जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक एवं मुखिया शर्मिला कुमारी आदि ने नारियल फोड़कर किया। छात्रावास भवन की जर्जर स्थिति की जानकारी मिलने पर विधायक ने इसका जीर्णोद्धार कराने को लेकर पहल की। जीर्णोद्धार कार्य कल्याण विभागद्वारा मेसर्स शिव ज्योति कंस्ट्रक्शन कंपनी रांची के द्वारा किया जा रहा है, जिसकी लागत 24 लाख रुपये है। जिससे छात्रावास की चारदिवारी निर्माण, टाइल्स फ्लोरिंग, खिड़की दरवाजे एवं शौचालय मरम्मती एवं रंगरोगन आदि कार्य किया जाना है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि छात्रों की परेशानियों को देखते हुए इस भवन का जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदार को जीर्णोद्धार कार्य में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने तथा समय पर कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर प्राचार्य डॉ मुकुंद महतो, प्रो केशव राय, प्रो तिलक महतो, सुमंत महतो, दुबराज महतो, भोला दास, वीरेंद्र महतो, निखिल महतो उपस्थित थे।

## डायन हत्या मामले में पद्मश्री छूटनी देवी ने राणाडीह गांव का किया दौरा



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सोनाहातू थाना के राणाडीह में डायन प्रकरण में तीन महिला की हत्या किये जाने के बाद आज पद्मश्री छुटनी देवी गांव पहुंचीं एवं पीड़ित परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। राणाडीह गांव में अंधविश्वास से दूर रहने की जागरूकता लाने के लिये पदम्श्री छूटनी देवी ने गांव के लोगों से मिलकर इस तरह से डायन बिसाही का आरोप को अमानवीय बताया। इधर माकपा, किसान सभा और जनवादी महिला समिति के पांच सदस्यीय टीम गांव पहुंच कर घटना की विषयवस्तु की जानकारी ली। टीम ने कहा कि गांव की सामाजिक व्यवस्था को ओझा के द्वारा बिगाड़ा गया था। टीम हत्याकांड की न्यायिक जांच कराने एवं माकपा जनवादी महिला समिति और किसान सभा गांव गांव में अंधविश्वास के खिलाफ अभियान चलाएगी। टीम में माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य सह झारखंड किसान सभा के उपाध्यक्ष सुफल महतो, झारखंड राज्य जनवादी महिला समिति के उपाध्यक्ष रंगवती देवी, एडवा प्रखंड सचिव यशोदा देवी, माकपा प्रखंड सचिव उमेश महतो शामिल थे।

## राष्ट्रीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिये केंद्रीय टीम ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिये केंद्रीय टीम ने सोनाहातू कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सोनाहातू को राष्ट्रीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिये नामित किया गया है। केंद्रीय टीम विधालय पहुंचकर 63 बिंदुओं पर विधालय स्वच्छता की जांच की। जांच रिपोर्ट केंद्रीय कार्यालय दिल्ली में जमा की जायेगी। इस संबंध में विद्यालय की पूर्व वार्डन सरोजिनी टोप्पो ने कहा कि जिला स्तर में विद्यालय को प्रथम स्थान मिला है। राष्ट्रीय स्तर पर 26 विद्यालयों के बीच मुकाबला चल रहा है। मौके पर वार्डेन शशि बाड़ा, सौरभ कुमार सिंह, फूलमणि बाड़ा और कृष्ण चन्द्र महतो उपस्थित थे।

## लापुंग कातिंगकेला गांव में विधिक सेवा आपके द्वार कार्यक्रम का अयोजन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग के दनेकेरा पंचायत के कातिंगकेला गांव में डालसा, रांची के द्वारा 'विधिक सेवा आपके द्वार' कार्यक्रम का अयोजन किया गया। सुप्रिया सलोनी व सतीश कुमार, पीएलवी ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के बारे में विस्तार से बताया। डालसा के पीएलवी के द्वारा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबार कार्ड तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी गयी। घर-घर जाकर लोगों के समस्याओं को सुना गया एवं उनके बीच संबंधित पम्पलेट व लिफलेट का वितरण भी किया गया। आगामी 12 नवंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। कार्यक्रम में पीएलवी सुप्रिया सलोनी, सतीश कुमार, प्रतिमा देवी, ललिता देवी एवं राजा उपस्थित थे।

## जमीन विवाद में रातू पुलिस ने दो भाइयों को पांच दिन तक थाने में रखा बंद, अमन ग्रुप के हस्तक्षेप के बाद छोड़ा



**रातू (आजाद सिपाही)।** जमीन विवाद में रातू पुलिस ने थाना क्षेत्र के हुरहुरी के रहने वाले दो भाई परवेज अंसारी व तबरेज अंसारी को पुलिस 3 सितंबर की रात 12 बजे उनके घर से उठा कर थाना ले गयी थी। चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो उन्हें छोड़ा जा रहा था न ही परिजनों से मिलने दिया जा रहा था। न ही जेल भेजा जा रहा था। बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों को छोड़ने के एवज में थाने की ओर से दो लाख रुपये की मांग की जा रही थी। बेबस परिजनों ने इसकी जानकारी अमन ग्रुप एन्ड वेलफेयर ट्रस्ट को दी। इसके उपरांत ट्रस्ट के हस्तक्षेप के बाद चार दिन बाद बुधवार को दोनो भाइयों को 7 सितंबर को थाने से छोड़ दिया गया। थाना जाने वाले अमन ग्रुप के प्रतिनिधिमंडल में सचिव अमन राज, संरक्षक शमीम बड़ेहार, अजीज अन्सारी, महासचिव हनीफ अंसारी, कार्यकारणी अध्यक्ष बबलू अन्सारी, इफ्तेखार खान, मुमताज अंसारी, सलामत अंसारी, हाजी सरीफ अंसारी शामिल थे।

**कार्यक्रम :** सिरका में करमा मिलन समारोह का भव्य आयोजन, प्रमुख दीपा उरांव ने कहा

# करमा पर्व झारखंड की सभ्यता और संस्कृति का परिचायक है





कार्यक्रम को संबोधित करती प्रमुख दीपा उरांव एवं मुखिया का भव्य स्वागत करते फैंस क्लब के सदस्य

**मुखिया फैंस क्लब के युवकों ने सिरका पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुण्डा का किया भव्य स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** मुखिया फैंस क्लब सिरका पंचायत के तत्वावधान में बुधवार को सिरका गांव में करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रमुख दीपा उरांव थीं, जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, मुखिया रोशन लाल मुण्डा तथा सावित्री देवी मौजूद थे। मौके पर पंचायत के विभिन्न जावा मंडलियों द्वारा झारखंडी संस्कृति पर आधारित नृत्य-गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं करम गीत पर अतिथिगण भी जमकर थिरके।

इस अवसर पर मुखिया फैंस क्लब के युवकों ने सिरका पंचायत के मुखिया रोशन लाल मुण्डा का भव्य स्वागत किया।

मौके पर प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि करमा पर्व झारखंड की सभ्यता और संस्कृति का परिचायक है। यह सभ्यता झारखण्ड की माटी से जुड़ी है। इसलिए यह पर्व प्रकृति के पर्व के रूप में मनाते हैं।

जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा ने कहा कि करमा की पहचान ही झारखण्ड की सभ्यता है। इस सभ्यता संस्कृति की भारत ही नहीं बल्कि विश्व के अन्य देशों में पहचान होनी चाहिए।

मुखिया रोशन लाल मुण्डा ने कहा कि करमा झारखण्डी संस्कृति एवं प्रकृति से जुड़ा पर्व है। करमा भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने झारखण्ड की संस्कृति को बचाये रखने के लिए युवाओं को आगे आने का आहवान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीत महतो, पारसनाथ महतो, प्रणव महतो, उमेश हजाम, सीताराम पाहन, शिबू मुण्डा, दशरथ महतो, कमलेश महतो, झल्लू मुण्डा, राजू महतो, रंजीत करमाली, रमेश महतो, कालीचरण मुण्डा, लालदेव महतो, मनेश महतो आदि का योगदान रहा।

## कारीतास इंडिया ने बरवादाग पंचायत में करमा मिलन समारोह का किया आयोजन

**ग्रामीणों के बीच किया गया दरी का वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** कारीतास इंडिया के तत्वावधान में बुधवार को बरवादाग पंचायत में करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में ग्रामीणों के साथ प्रखंड के दिव्यांगजनों ने भाग लेकर करमा पर्व की खुशियां मनायी। मुख्य अतिथि दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच अनगड़ा के अध्यक्ष तबरेज अंसारी व विशिष्ठ अतिथि मंच के कोषाध्यक्ष रामदयाल सिंह थे।

इस अवसर पर युवतियों द्वारा सांस्कृतिक गीत-नृत्य प्रस्तुत किए गये। मौके पर तबरेज अंसारी एवं रामदयाल सिंह ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा कर ही अपनी संस्कृति और पहचान को बरकरार रखा जा सकता है। उन्होंने अधिकारों के बारे में चर्चा करते हुए लोगों को विकास के लिए ग्राम निर्माण कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच दरी का वितरण किया गया।

मौके पर संस्था के सामुदायिक शिक्षक सालिकराम मुण्डा, चार्ल्स जोसेफ, स्वयंसेवक विनोद बेदिया, शनीचरवा मुण्डा, विश्राम मुण्डा सहित जोन्हा, कुच्चू, टाटी, सुरसू पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने इशान रोहन तिवारी



**कांके (आजाद सिपाही)।** श्री मदन मोहन दुर्गा पूजा समिति बोड़ेया की बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नयी पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अधिवक्ता ईशान रोहन तिवारी, सचिव मनोज तिवारी, कोषाध्यक्ष मुरारी तिवारी, सह कोषाध्यक्ष अभय नारायण तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, अभिषेक तिवारी, पूजा प्रभारी नीतीश तिवारी सोनू, आचार्य अजय मिश्रा, संरक्षक गोबिंद नारायण तिवारी, चंद्र भूषण तिवारी व मुखिया सोमा उराँव बनाए गए वही कार्यकारिणी सदस्य में रोहन तिवारी, कैलाश केशरी, राकेश तिवारी, परितोष तिवारी, सिद्धार्थ रौनक, विवेक तिवारी, विशाल तिवारी बनाए गए हैं।

## विद्यालय से दो गैस सिलेंडर की चोरी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** दशम फॉल थाना क्षेत्र के नाईलगाड़ा विद्यालय से आज रात ताला तोड़कर दो गैस सिलेंडर की चोरी कर ली गयी। पिछले दो-तीन महीनों से बहुत सारे विधालयों से गैस सिलेंडर की चोरी हो रही है। पुलिस ने आज विद्यालय आकर जांच पडताल की। शिक्षक ने थाने में लिखित शिकायत की है।

## सक्सेस कोचिंग सेंटर में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

**शिक्षक दिवस गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्योहार है : अरुण उरांव**




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भारतीय संस्कृति में शिक्षक को भगवान के समान माना जाता है। वहीं शिक्षक दिवस गुरु और शिष्य के बीच बने संबंध को जीने का और गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्योहार है। हमें शिक्षक दिवस के दिन ही नहीं अपितु जीवन भर अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। उक्त बातें सक्सेस कोचिंग सेंटर के द्वारा महादानी मैदान में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं के बीच बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आईपीएस डा. अरुण उरांव ने कही। वहीं समारोह का शुभारंभ डा. अरुण उरांव व मुखिया सुशांति भगत ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। संस्था के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए अतिथियों को आम का पौधा देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक विवकेशील विभव, संचालन प्रभात कुमार साहू व धन्यवाद ज्ञापन शिवशंकर साहू ने किया। मौके पर उत्तम मोदक, पंकज कुमार राय, विनोद रक्षित मौजूद थे।

समारोह को सफल बनाने में सत्यनारायण साहू, शिवशंकर साहू, दिनेश, गौरव, प्रया कुमारी ने सराहनीय योगदान दिया।

**कार्यक्रम :** बुंडू अनुमंडल का 19वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया, एसडीओ ने कहा

# यथाशीघ्र सिविल कोर्ट और जेल के निर्माण कराने का होगा प्रयास

**अनुमंडल पदाधिकारी ने केक काटा एवं अतिथियों के साथ किया पौधरोपण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू अनुमंडल का 19वां स्थापना दिवस सादे समारोह में अनुमंडल कार्यालय में मनाया गया। इस मौके पर अनुमंडल के सभागार में पदाधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति में अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार साव ने केक काटा और फलदार एवं छायादार वृक्षों का पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा अनुमंडल के विकास और न्याय की सुलभ व्यवस्था के लिए प्रशासनिक स्तर से बुंडू में सिविल कोर्ट और जेल का निर्माण यथाशीघ्र कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मामले में सरकार की ओर से सिविल कोर्ट और जेल बनाने की जमीन को शीघ्र चिन्हित कर मुहैया करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि बुंडू अनुमंडल उतार-चढ़ाव के बीच विकास की ओर अग्रसर है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने कहा दक्षिणी छोटानागपुर का यह बुंडू अनुमंडल क्षेत्र नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। डीजीपी के प्रयास और निर्देश पर पुलिस जवानों के सहयोग से लगातार पुलिस का छापामारी अभियान के दबाव में बड़े-बड़े नक्सली आत्मसमर्पण किये। अनुमंडल क्षेत्र के जन सहयोग से क्षेत्र में शांति और अमन चैन का प्रयास किया गया है।

इस मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता, बार एसोसिएशन के महासचिव शिव शंकर महतो, उपाध्यक्ष राम चरण महतो, रितेश जयसवाल, संजय मुखर्जी, गौरीनाथ सिन्हा, मुरली सुंदर पांडे संजय पांडे संजीव कुमार विमल अनूप कुमार जयसवाल विशेश्वर महतो सूरज लाल मुंडा दिनेश कोइरी बासुदेव प्रमाणिक कल्पना राव मौन व्रत मुखर्जी मनोज कुमार चौधरी विष्णु मुंडा सतनारायण मुंडा दुर्योधन महतो आदि मौजूद थे धन्यवाद ज्ञापन बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष आनंद राम महतो ने किया

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## जिलास्तरीय समारोह में तीन शिक्षकों को किया गया सम्मानित



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** जिलास्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को प्रखंड संसाधन केंद्र में किया गया। जिसमें तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिलास्तरीय शिक्षक पुरस्कार राजकीय मध्य विद्यालय बारीडीह, इटकी के विजय बहादुर सिंह को दिया गया। वहीं, सदर अनुमंडल स्तरीय पुरस्कार उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिस्का ओरमांझी के धनंजय कुमार सिंह और प्लस टू उच्च विद्यालय राहे के शिक्षक तेज प्रकाश अखौरी को दिया गया। शिक्षकों को क्रमशः 50 हजार, क्रमशः 20 20 हजार रुपये की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र, मेडल, मोमेंटो और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की आरडीडीई पुष्पा कुजूर तथा राँची जिला के डीईओ कमला सिंह ने शिक्षकों को सम्मानित किया।

## करम आखड़ों में खतियानी आंदोलन करम गाने पर झूमे लोग




नामकुम (आजाद सिपाही)। झारखंड में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति की मांग जोर पकड़ा है। चाहे सरहूल महोत्सव हो या फिर प्राकृतिक पर्व करमा। समस्त राज्य में 1932 खतियान आधारित गानों पर लोग झूमते-गाते नजर आ रहे हैं। ऐसा लग रहा है 1932 के बगैर झारखंड निर्माण का सपना अधूरा है। सरकार कर कुर्सी के गिराऊ, तनी नाईच के दिखाऊ गाना जो 5 दिसंबर को खतियानी सुमित टीवी युट्यूब चैनल पर गीतकार-गायक सुमित कुमार महतो द्वारा रिलीज किया गया था। उसकी गूंज झारखंड सहित पडोसी राज्य छत्तीसगढ़ के अखाड़ों पर भी दिखाई दी। सुमित पेशे से एक मजदूर हैं और खतियनी आंदोलन को धार देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इससे पूर्व 19 अप्रैल को इनके द्वारा झारखंड के शान हेके, 32 के खतियान, करू नव उलगुलान गाना लोगों ने काफी पसंद किया गया था।

## ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मना करमा पर्व



**नामकुम ( आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सारनाटोली, पिण्डारकोम, खिजरी, तेतरी, डहुटोली, हहाप, चरनाबेड़ा, कुटियातु, रामपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से प्रकृति पर्व करमा मनाया गया। इस अवसर पर पहनो के द्वारा पारंपरिक विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया। जिसमें भाई बहनों रातभर नित्य किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रामावतार केरकेट्टा ने कहा कि करमा पर्व एक भाईचारा और भाई बहन का पर्व है। कहा कि अपनी कला संस्कृति परंपरा रीति रिवाज को बचा कर चलना है। इस मौके पर मुख्य रूप से 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, हहाप मुखिया नन्हे कच्छप, अर्जुन पहान, बिजय पहान, पप्पु उरांव, जदराय उरांव, साधो लकड़ा, जिबु बड़ाईक, लखन तिर्की, पूर्णिमा बड़ाईक, रोजलीन तिर्की सहित ग्रामीण भाई-बहन उपस्थित थे।

## जिप सदस्य ने किया राजकीय उत्क्रमित मवि टांगरकेला स्कूल का निरीक्षण



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखंड के महुगांव पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगरकेला स्कूल का निरीक्षण करने जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो पहुंची। यहां घोर लापरवाही व भ्रष्टाचार देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने बताया कि विद्यालय में सप्ताह में केवल सोमवार को ही अंडा दिया जाता है। वहीं विद्यालय के सहायक अध्यापक अल्बर्ट बरला ने बताया कि विद्यालय में 60 छात्रों का नामांकन है। उपस्थिति पंजी चेक करने पर पाया गया कि 39 बच्चों की उपस्थिति बनायी गयी है जबकि कक्षा में मात्र 27 बच्चे थे। वहीं स्कूल के प्रभारी शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह बीआरसी की बैठक में गए हुए थे। सप्ताह में एक दिन अंडा मिलने की बात सुनकर जिप सदस्य ने भारी नाराजगी जाहिर की।

## ओरमांझी में विसर्जन के साथ ही करम पर्व संपन्न



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी में करम पूजा बुधवार को डाली विसर्जन के साथ ल्लास पूर्वक संपन्न हो गया। बुधवार सुबह से ही व्रतियों के द्वारा पुजा पाठ करते हुए अपने घर परिवार के साथ राज्य व देश के लिए खुशहाली की कामना करते हुए डाली विसर्जन का कार्य शुरू हुआ। युवक-युवतियों की टोलियों के द्वारा देर शाम तक नाचते गाते डाली विसर्जन कार्यक्रम चलता रहा। करम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तैद दिखा।

## स्कूली बच्चों के बीच दिव्यांग जांच शिविर सह उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू बीआरसी भवन में बुधवार को शिक्षा विभाग के तत्वावधान में स्कूली बच्चों के बीच दिव्यांग जांच शिविर सह दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व से चिन्हित 43 स्कूली बच्चों के बीच उपकरण वितरण किया गया। साथ ही 26 छात्रों की दिव्यांगता की जांच की गयी। इनमें 12 बच्चों को दिव्यांग का प्रमाणपत्र दिया गया। शिविर में 6 बच्चों को व्हीलचेयर, 12 को श्रवण यंत्र, 12 बच्चों को रोलेटर, 2 छात्रों को एमएसआईडी तथा 18 हैंड क्रंच उपकरण वितरण किया गया। मौके पर बीईईओ रविंद्र कुमार ने कहा कि आज चयनित छात्रों को अगले शिविर में उपकरण दिया जाएगा। मौके पर थेरेपिस्ट इंदु कुमारी प्रसाद, बीपीओ आभा कुमारी, बीपीएम रीमा दुबे, रविकांत तिवारी, अजय जोसेफ कुजूर, शक्ति सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

